भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

फेशियल रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी (मुखाकृति पहचान तकनीक)के आधार पर यात्रियों की संपर्क रहित, निर्बाध और स्मार्ट प्रोसेसिंग के लिए भाविप्रा के नौ हवाई अड्डों पर डिजीयात्रा का आरंभ

नई दिल्ली, 06 सितंबर , 2024 : श्री राममोहन नायडू किंजरापु, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री द्वारा आज भाविप्रा के नौ हवाई अड्डों विशाखापत्तनम, पटना, रायपुर, भुवनेश्वर, गोवा (डाबोलिम), इंदौर, रांची, कोयंबटूर और बागडोगरा पर डिजीयात्रा का शुभारंभ किया गया। विशाखापत्तनम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आयोजित कार्यक्रम में, माननीय नागर विमानन मंत्री द्वारा विशाखापत्तनम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हेतु सेवा का उद्घाटन किया गया और भाविप्रा के आठ अन्य हवाई अड्डों के लिए सुविधा का वर्चुअली शुभारंभ किया गया। केंद्रीय नागर विमानन और सहकारिता राज्य मंत्री श्री मुरलीधर मोहोल भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल हुए। भाविप्रा के अध्यक्ष श्री एम. सुरेश और नागर विमानन मंत्रालय और भाविप्रा के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे।

नागर विमानन मंत्रालय द्वारा परिकल्पित इस परियोजना का उद्देश्य फेशियल रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी (एफआरटी) के आधार पर हवाई अड्डों पर यात्रियों की संपर्क रहित, निर्बाध प्रक्रिया को प्राप्त करना है।

इस अवसर पर भाविप्रा के अध्यक्ष श्री एम. सुरेश द्वारा माननीय नागर विमानन मंत्री का हार्दिक स्वागत किया तथा उन्हें शुभकामनाएं दी गई। अपने संबोधन में भाविप्रा के अध्यक्ष द्वारा डिजीयात्रा की उल्लेखनीय यात्रा के समारोह के अवसर पर अत्यंत गर्व व्यक्त किया गया, जिसने हवाई यात्रा के यात्री अनुभव को पूर्ण रूप से परिवर्तित कर दिया है।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री ने इस सुविधा के प्रमुख लाभों पर प्रकाश डाला और कहा कि डिजीयात्रा नागर विमानन उद्योग में एक महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति है, तथा 3 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं द्वारा इसकी व्यापक स्वीकृति को नोट किया गया।

नागर विमानन मंत्रालय सभी भारतीय हवाई अड्डों पर इस सुविधा को आरंभ करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे यात्रियों को सुदृढ़ डेटा सुरक्षा का आश्वासन मिल सके।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया महाप्रबंधक (सीसी) से संपर्क करें: 011-20818228

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 06/2024-25

माननीय नागर विमानन मंत्री द्वारा भाविप्रा के नौ हवाई अड्डों पर डिजी यात्रा का शुभारंभ।

माननीय नागर विमानन मंत्री, अध्यक्ष, भाविप्रा तथा अन्य विशिष्ट अतिथि डिजीयात्रा सुविधा के शुभारंभ के अवसर पर।

माननीय नागर विमानन मंत्री विशाखापत्तम हवाई अड्डे पर

माननीय नागर विमानन मंत्री कार्यक्रम के दौरान सभा को संबोधित करते हुए।